


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरुवार,07,अगस्त 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## प्रधानमंत्री मोदी बोले- किसानों का हित हित भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता



इस सम्मेलन का आयोजन एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (एमएसएसआरएफ), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के सहयोग से किया जा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित आईसीएआर पूसा में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया है। इस सम्मेलन का विषय- सदाबहार क्रांति, जैव-खुशी का मार्ग, सबके लिए भोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रोफेसर स्वामीनाथन के आजीवन समर्पण को दर्शाता है।इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, स्वर्गीय एमएस स्वामीनाथन ने खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का मिशन बना लिया था। दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एमएस स्वामीनाथन को कृषि विज्ञान में उनके अग्रणी कार्य के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है। उन्होंने कहा, किसानों का हित भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की नीतियों को स्पष्ट करते हुए कहा, भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका योगदान किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं रहता है... प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन ऐसे ही महान व्यक्ति थे और मां भारती के सपूत थे।

## Eknath Shinde

### 'मोदी बाबा से फाइटर प्लेन चाहिए', पीएम मोदी से मिलने के बाद एकनाथ शिंदे ने बताई पोते की डिमांड



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और पीएम मोदी की यह मुलाकात एक तरफ सियासी रणनीति का हिस्सा रही, वहीं दूसरी तरफ एकनाथ शिंदे के पोते रुद्रांश की फाइटर प्लेन की मांग ने माहौल को हल्का बना दिया। महाराष्ट्र की राजनीति में जहां एक तरफ ठाकरे बनाम शिंदे की लड़ाई तेज़ हो रही है, वहीं बच्चे की यह फरमाइश सबके चेहरे पर मुस्कान लाई है।महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे बुधवार को अपने पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे। लेकिन इस मुलाकात की सबसे खास बात वह शख्स रहा जो वहां मौजूद नहीं था - उनका पांच साल का पोता रुद्रांश। पीएम मोदी से मुलाकात के बारे में बताते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा- प्रधानमंत्री ने उनसे मिलते ही सबसे पहले रूद्रांश के बारे में पूछा। इस उन्होंने बताया कि वो अभी घर पर है और खेल रहा है।इस दौरान एकनाथ शिंदे ने पीएम मोदी को ये भी बताया कि - उनके पोते रुद्रांश ने उनसे एक खास फरमाइश की है। शिंदे ने बताया कि मेरे दिल्ली आने के दौरान उसने कहा - दादा, मोदी बाबा से मेरे लिए फाइटर प्लेन और खिलौने लेकर आना।' यह सुनकर पीएम मोदी जोर से हंस पड़े। इस खास मुलाकात में शिंदे के साथ उनकी पत्नी लता शिंदे, सांसद बेटा श्रीकांत शिंदे,

## बिहार में एसआईआर को लेकर विपक्ष का दो टूक, संसद के बाहर आज भी करेंगे जोरदार विरोध प्रदर्शन




बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर देशभर की सियासत में गर्माहट तेज है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच गुरुवार को भी इंडिया गठबंधन के नेता गुरुवार राज्यसभा में विपक्ष के नेता के दफ्तर में महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसके बाद सांसद संसद के परिसर के अंदर मकर द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## UP Police Encounter

### पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड के दो शूटरों का एनकाउंटर, पिसावां में मुठभेड़ में ढेर



यूपी के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में वांछित दोनों शूटरों की पिसावां में पुलिस से मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से दोनों शूटरों की मौत हो गई। इन पर हत्या का प्रयास, हत्या और अन्य कई गंभीर मामले दर्ज थे।सीतापुर के महोली निवासी पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने दो शूटरों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में मारे गए शूटरों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। जानकारी के अनुसार, सीतापुर के महोली निवासी पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में वांछित और एक-एक लाख रुपये के इनामिया बदमाश संजय तिवारी और राजू तिवारी की बृहस्पतिवार सुबह पिसावां में पुलिस से मुठभेड़ हुई। पुलिस से मुठभेड़ में दोनों शूटर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शूटरों के मारे जाने के बाद राघवेंद्र के परिवार से भी प्रतिक्रिया आई है। राघवेंद्र की पत्नी इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पिसावां महोली मार्ग पर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम काम्बिंग कर रही थी। इसी दौरान शूटर संजय तिवारी और राजू तिवारी

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ का एलान



अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कबसे जारी है? अमेरिका और अलग-अलग देशों के बीच हुए व्यापार समझौतों का भारत से वार्ता पर कैसे असर पड़ा? भारतीय प्रतिनिधियों की तरफ से अमेरिका को टैरिफ के लिए क्या प्रस्ताव दिया गया था? इसके अलावा ट्रंप आखिरी समय में इस समझौते से क्यों बिफर गए और अब आगे की राह क्या है? आइये जानते हैं...अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर लगाया गया 25 फीसदी आयात शुल्क 7 अगस्त (अमेरिकी समयानुसार) से प्रभावी हो जाएगा। यानी भारत और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधियों के बीच पांच चरणों की बैठक के बावजूद ट्रंप प्रशासन भारत की तरफ से कई वर्गों में टैरिफ घटाने के प्रस्ताव को नहीं माना है। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस के साथ व्यापार का जिक्र करते हुए भारत पर 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ भी लगाने का एलान किया है। यानी इस महीने के अंत तक भारत से अमेरिका जाने वाले उत्पादों पर कुल टैरिफ 50 फीसदी तक पहुंच सकता है।इस पूरे घटनाक्रम के बीच यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कबसे जारी है? अमेरिका और अलग-अलग देशों के बीच हुए व्यापार समझौतों का भारत से वार्ता पर कैसे असर पड़ा? भारतीय प्रतिनिधियों की तरफ से अमेरिका को टैरिफ के लिए क्या प्रस्ताव दिया गया था? इसके अलावा ट्रंप आखिरी समय में इस समझौते से क्यों बिफर गए और अब आगे की राह क्या है? आइये जानते हैं...भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत ट्रंप के राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के करीब एक महीने बाद फरवरी में शुरू हो गई थी। यानी भारत उन पहले कुछ देशों में था, जिसने अमेरिका के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौते को प्राथमिकता दी। दोनों देशों ने व्यापार वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधिमंडलों का भी एलान कर दिया था। हालांकि, बीते पांच महीनों में पांच बैठकों के बावजूद भारत-अमेरिका समझौता नहीं कर पाए। गौरतलब है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस इस साल अप्रैल में भारत आए थे। उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने भारत के साथ बातचीत के मसौदे को अंतिम रूप भी दिया। माना जा रहा था कि इस बैठक के बाद भारत को कई क्षेत्रों में छूट मिल गई। तब सामने आया था कि भारत ने अमेरिका को उसके औद्योगिक उत्पादों के निर्यात पर कोई भी टैरिफ न लगाने का प्रस्ताव दिया था। औद्योगिक उत्पाद अमेरिका की तरफ से भारत को किए जाने वाले कुल निर्यात का 40 फीसदी हैं। भारत ने एल्कोहल के साथ अमेरिकी कारों पर भी टैरिफ दर घटाने पर सहमति जताई थी। साथ ही अमेरिका के 45 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार घाटे को कम करने के लिए उसकी ऊर्जा और हथियार खरीद

# Aaj Ka Rashifal 7 August

## मेष राशि वालों को आज मिलेगी खुशखबरी,जानें अन्य राशियों का राशिफल




**आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 7 अगस्त 2025 का राशिफल।**

### मेष

आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। कारोबार में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कार्यो पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा और आप संतान के करियर को लेकर अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद से काफी कुछ मिलेगा। कोई शारीरिक समस्या होने से मन परेशान रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को यदि आपने धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपके मन में टेंशन भी बनी रहेगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपको भावनाओं में बहकर किसी काम के लिए हामी नहीं भरनी है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई फैसला समस्या देगा। आपको किसी परिजन की याद सता सकती है। अध्यात्म के कार्यों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको अपनी पद पर प्रतिष्ठा बढ़ने से काफी खुशी होगी।

### कर्क

आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से परेशान रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको जल्दबाजी में कोई काम करना नुकसान देगा। आप किसी के बहकावे में आकर इन्वेस्टमेंट करने से बचें, नहीं तो उसमें आपका धन फंस सकता है। यदि आपने कोई लोन लिया था, तो आप उसे करने की भी पूरी कोशिश करेंगे। परिवार में कुछ समस्याओं को दूर करने में आप सफल होंगे। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने विरोधियों से सतर्क रहे, नहीं तो वह उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप कार्यक्षेत्र में किसी तकनीकी समस्या को लेकर परेशान रहेंगे। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। माता-पिता का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी अपने सहयोगी से किसी बात को लेकर झड़प हो सकती है। पुराने किए गए कामों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी पैसा जातकों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपने यदि किसी को भी धन उधार दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है। आप अपने निर्णय से लोगों को हैरान करेगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप किसी लेनदेन से संबंधित मामले को समय रहते निपटाने की कोशिश करें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होगी। आप काम में कोई जोखिम भरे फैसले ना ले और उसमे आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरा होने की संभावना है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे और आप अपने मनचाहे खर्चों को भी आसानी से कर सकेंगे, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा। किसी दूसरे नौकरी का आपको ऑफर आ सकता है, जिसे आप तुरंत ज्वाइन कर सकते हैं। आपको एक बजट प्लान करके चलना बेहतर रहेगा, जिससे आपके खर्चे कंट्रोल में रहेंगे।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। यदि आपकी कोई परेशानी थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोल मोल कर बोले, नहीं तो उन्हे आपकी बात गलत लग सकती है। कार्य क्षेत्र में आपके छुपे हुए राज बाहर निकलेंगे। पारिवारिक समस्याओं को आप मिलकर दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

### मीन

आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामो पूरा ध्यान देंगे। आपका मन यदि किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, तो आप उसमें धैर्य बनाए रखें। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगें। संतान को लेकर यदि आप किसी बात को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आप किसी नई संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको एक बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

आज का राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# धर्मांतरण गिरोह का खौफनाक चेहरा:

## लड़कियों को इसलिए ले जाते थे विदेश, हर अंग की लगती थी बोली; CBI से मांगी मदद






धर्मांतरण गिरोह से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस अब तक इस पूरे गिरोह को धर्मांतरण तक सीमित मान रही थी, लेकिन मास्टरमाइंड से मिली जानकारी से कई चौंकाने वाले राज खुले हैं। अब आगे की तफ्तीश के लिए पुलिस सीबीआई की मदद लेगी। धर्मांतरण गिरोह का खौफनाक चेहरा: लड़कियों को इसलिए ले जाते थे विदेश, हर अंग की लगती थी बोली; CBI से मांगी मदद धर्मांतरण गिरोह से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस अब तक इस पूरे गिरोह को धर्मांतरण तक सीमित मान रही थी, लेकिन मास्टरमाइंड से मिली जानकारी से कई चौंकाने वाले राज खुले हैं। अब आगे की तफ्तीश के लिए पुलिस सीबीआई की मदद लेगी। मार्च में सदर क्षेत्र से लापता हुईं कारोबारी की दो बेटियां 18 जुलाई को कोलकाता के तपसिया इलाके में पुलिस को मिली थीं। 19 जुलाई को 6 राज्यों से 10 आरोपी भी पकड़े गए थे। बाद में दिल्ली का मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान पकड़ा गया। उसके दो बेटे और एक अन्य बाद में पकड़े गए। अब्दुल रहमान सहित 11 आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ हुई। मास्टरमाइंड सहित अन्य से पूछताछ में गिरोह के तार मानव तस्करी करने वाले और मानव अंगों को बेचने वाले रैकेट से भी होने की बात सामने आई है। कमजोर और मजदूर वर्ग के लोगों को जाल में फंसाया जाता था। खासतौर पर लड़कियों को धर्म परिवर्तन के बाद विदेश जाने के लिए तैयार करते थे। हां बोलने पर तस्करी का खेल होता था।

# यूपी: कैबिनेट की बैठक आज,


## हो सकते हैं ये महत्वपूर्ण फैसले; अटलजी के नाम पर छात्रवृत्ति योजना को मिलेगी मंजूरी



UP cabinet meeting:यूपी कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आज होनी है। इसमें कई बड़े फैसले हो सकते हैं। कैबिनेट से पहले सीएम विभागों के प्रमुख सचिवों संग बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक होगी। जिसमें पूर्व पीएम अटल बिहारी अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति योजना शुरू करने, विलय के बाद खाली विद्यालयों में बाल वाटिका खोलने समेत एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा कैबिनेट में पंचायतीराज और स्थानीय निकायों को वित्त आयोग की अंतरित रिपोर्ट, बाराबंकी और मथुरा में निजी विश्वविद्यालय खोलने और सीएजी रिपोर्ट को विधानमंडल में रखने के लिए भी प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। कारागार में बंद कैदियों को खाने के लिए गेहूं और चावल की आपूर्ति के लिए नई नीति, शहरी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार होर्डिंग लगाने का ठेका 15 साल तक देने के लिए नगर निगम अधिनियम में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। **मंत्रिमंडल और अफसरों के साथ भी बैठक कैबिनेट से पहले मुख्यमंत्री सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिवों के साथ भी अहम बैठक करेंगे। विधानमंडल सत्र की बैठक से पहले हो रही इस बैठक को अतिमहत्वपूर्ण माना जा रहा है।** इन दोनों बैठकों में सीएम अपने हाल के मंडलीय दौरों में मिले फीडबैक को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं। वहीं, अफसरों की कार्यशैली को लेकर मंत्रियों और विधायकों की नाराजगी को देखते हुए सीएम की यह बैठक अतिमहत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं, कैबिनेट के बाद मुख्यमंत्री सभी मंत्रियों के साथ भी बैठक करेंगे, जिसमें बाढ़ और राहत कार्यों की स्थिति की जानकारी के अलावा अलावा अफसरशाही के बारे में फीडबैक लेंगे।

# Divyanka Tripathi:

## क्या इस बार 'बिग बॉस' का हिस्सा बनेंगी दिव्यांका? सीजन 19 में एंट्री पर तोड़ी चुप्पी



रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। शो के नियम और कायदों पर चर्चाओं के साथ प्रतिभागियों के नामों को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इंटरनेट पर **ऐसी चर्चाएं तेज हैं कि इस बार शो में दिव्यांका त्रिपाठी भी हिस्सा लेने वाली हैं।** इसके अलावा दिव्यांका के एक्स और को-एक्टर रहे शरद मल्होत्रा के नाम की भी चर्चा है। ऐसी खबरों पर दिव्यांका ने प्रतिक्रिया दी है। दिव्यांका त्रिपाठी ने टेली टॉक से बातचीत में बिग बॉस 19 में हिस्सा लेने की खबरों पर इनकार करते हुए इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है। एक्ट्रेस ने कहा, ''यह फेक है। इस तरह की खबरें वे हर साल फैलाते हैं'। बता दें कि दिव्यांका इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज, नच बलिए 8, खतरों के खिलाड़ी 11 और खतरों के खिलाड़ी 13 जैसे कई रियलिटी शो में हिस्सा ले चुके हैं। हालांकि, 'बिग बॉस' से उन्होंने अब तक दूरी बना रखी है। इस बात से साफतौर पर इनकार किया है।

# Salman Khan:

## कैंसर से जंग हारे सलमान खान के बॉडीगार्ड शेरा के पिता, 88 साल की उम्र में हुआ निधन




Salman Khan Bodyguard Shera Father Dies: बॉलीवुड के दबंग सलमान खान के जिगरी यार और उनके बॉडीगार्ड शेरा इस वक्त मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। दरअसल शेरा के पिता का निधन हो गया है।बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी पिछले कई दशकों से संभाल रहे उनके बॉडीगार्ड शेरा के परिवार में इन दिनों शोक की लहर है। शेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वो काफी समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।शेरा ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि उनके पिता का अंतिम सफर शाम 4 बजे उनके निवास '1902, द पार्क लग्जरी रेजीडेंस, ओशिवारा, अंधेरी वेस्ट, मुंबई' से शुरू होगा। इस दुखद खबर के सामने आने के बाद सलमान खान के फैंस शेरा को सांत्वना दे रहे हैं और दुख की घड़ी में उन्हें हिम्मत रखने की बात कह रहे हैं। सुंदर सिंह जॉली को उनके बेटे शेरा हमेशा एक आदर्श पिता के रूप में देखते रहे। इसी साल मार्च में पिता के जन्मदिन पर शेरा ने एक भावुक संदेश साझा किया था जिसमें उन्होंने उन्हें सबसे ताकतवर इंसान और अपनी प्रेरणा बताया था। उन्होंने लिखा था, 'मेरी हर ताकत आपसे आई है, आप मेरे भगवान हैं पापा।' शेरा, जिनका असली नाम गुरमीत सिंह है, पिछले लगभग तीन दशकों से सलमान खान के साथ हैं। वो केवल एक बॉडीगार्ड नहीं, बल्कि सलमान के परिवार के सदस्य जैसे माने जाते हैं। हर फिल्म शूटिंग, कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय दौरे में सलमान के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले शेरा, उनके सबसे विश्वसनीय सहयोगी और दोस्त हैं।सुंदर सिंह जॉली के निधन की खबर सुनते ही जहां एक तरफ इंडस्ट्री के कई सितारे और प्रशंसक सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। वहीं इस मामले पर अब तक सलमान खान का कोई बयान सामने नहीं आया है।

# War 2: वॉर 2 की रिलीज से पहले फैंस को मिलेगा सरप्राइज




Hrithik Roshan Jr NTR Film Promotion: 'वॉर 2' की रिलीज से पहले एक्टर ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपने प्रशंसकों के लिए लेकर आ रहे हैं एक सरप्राइज। इस रविवार हैदराबाद में धमाल मचाएंगे। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म **'वॉर 2'** को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज से पहले फिल्म के दोनों लीड हीरो हैदराबाद में कुछ ऐसा करने वाले हैं, जिससे उनके प्रशंसक बेहद खुश हो जाएंगे। वॉर 2 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का संगीत प्रीतम ने तैयार किया है। प्रशंसकों को इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें हैं। 14 अगस्त, 2025 को ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक जासूसी एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे अयान मुखर्जी ने निर्देशित किया है और इसमें कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी।



# Vaani Kapoor

## दिलजीत दोसांझ की 'सरदार जी 3' की रिलीज पर वाणी कपूर ने रखी राय, कहा- 'नहीं टूटा कानून'

Vaani Kapoor On Sardaar Ji 3: फिल्म 'अबीर गुलाल' के बाद 'सरदार जी 3' का बहिष्कार हुआ। ऐसे में वाणी कपूर ने इस फिल्म की रिलीज पर अपनी बात रखी है। पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान के साथ वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' इस साल पहलगाम हमले की वजह से रिलीज नहीं हो सकी। इस मामले के बाद दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3', जिसमें पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर भी हैं को विदेशों में रिलीज किया गया। फिल्म की रिलीज पर काफी हंगामा हुआ। इसके बहिष्कार की मांग की गई। हाल ही में एक बातचीत में वाणी कपूर ने 'सरदार जी 3' का बचाव किया है। एनडीटीवी में बातचीत में वाणी कपूर ने कहा 'मुझे याद है कि यह फिल्म पहलगाम हमले से पहले शूट की गई थी। ऐसे में मुझे लगता है कि अगर फिल्म रिलीज नहीं होगी तो निर्माता के पैसे फंस जाएंगे। मुझे लगता है कि इस फिल्म को बनाने में 100 से ज्यादा लोग लगे थे। जब फिल्म की शूटिंग हो रही थी तब हालात दूसरे थे।' वाणी कपूर ने आगे कहा 'मुझे नहीं लगता कि उनका मकसद देश की बेहुरमती करना था। वह एक वैश्विक स्टार हैं। उन्हें विश्व स्तर पर देखा जाता है। उन्हें जो ठीक लगा उन्होंने वैसा काम किया। मुझे लगता है कि इससे कोई भी कानून नहीं टूटा है।'

आपको बता दें कि इसी साल अप्रैल में फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' मुश्किलों में फंस गई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान ने अभिनय किया था। यह फिल्म कश्मीर के पहलगाम में हमले के बाद विवादों में आई थी। लोगों का कहना था कि इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार ने काम किया है और पाकिस्तानी आतंकियों ने ही पहलगाम में हमले को अंजाम दिया था। पाकिस्तानी हमले में कई पर्यटक मारे गए थे।दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' के साथ भी यही मामला है। लोगों का कहना है कि इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर ने अभिनय किया है। ऐसे में इस फिल्म का बहिष्कार किया जाना चाहिए। फिल्म को भारत में नहीं रिलीज किया गया है।

# 'बॉर्डर 2' की शूटिंग पूरी कर मुंबई लौटे वरुण धवन,



Varun Dhawan: वरुण धवन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग पूरी कर पंजाब से मुंबई लौट आए हैं। आज मुंबई एयरपोर्ट में उनका स्वैग कुछ अलग ही अंदाज में दिखाई दिया।बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर ने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग खत्म होने की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की थी। वहीं आज जब वरुण पंजाब से मुंबई वापस लौटे तो उनका स्टाइल हर किसी को पसंद आया।वरुण धवन इन दिनों पंजाब में बॉर्डर 2 की शूटिंग कर रहे थे, जिसकी शूटिंग हाल ही में खत्म हुई है। वरुण आज जब पंजाब से मुंबई वापस लौटे तो एयरपोर्ट पर उन्हें क्लीन सेव देखकर फैंस बेहद खुश हुए। एक्टर ने अमेरिकी रैपर एमिनेम की प्रिंटेड टी-शर्ट पहन रखी है। वरुण की टी-शर्ट पर एमिनेम की माइक के साथ एक तस्वीर है और साथ ही रैपर का नाम भी लिखा दिखाई दे रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण पहले बता चुके हैं कि उन्हें एमिनेम के गाने पसंद हैं और अक्सर वर्कआउट करते वक्त उनके गाने सुनते हैं। यूजर्स को वरुण का क्लीन सेव लुक पसंद आ रहा है। यूजर्स ने एक्टर के लुक को पसंद करते हुए लाल दिल वाले और फायर इमोजी बरसाए हैं।वरुण धवन ने 2012 में फिल्म "स्टूडेंट ऑफ द ईयर" से अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया है

# Gold Silver Price



Gold Silver Price: सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त का सिलसिला जारी है। बुधवार को सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के बीच बुधवार को राजधानी में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने में मध्यम सकारात्मक रुख रहा। सुरक्षित निवेश की मांग जारी रहने से कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दवा आयात पर नए टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि टैरिफ की शुरुआत कम होगी, लेकिन समय के साथ यह 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अलावा ट्रम्प ने संकेत दिया कि सेमीकंडक्टर और चिप्स पर टैरिफ के संबंध में घोषणा जल्द ही की जाएगी।गांधी ने कहा कि इस टैरिफ संबंधी अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिन में बाद में फेडरल रिजर्व के सदस्यों के भाषणों पर नजर रखेंगे। यह बुलियन कीमतों की दिशा के बारे में आगे मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# पूर्व राजनयिक ने कहा- ट्रंप का रास्ता तर्कहीन,



Trump Tariffs On India: भारत पर टैरिफ को लेकर अमेरिका जैसी सख्ती दिखा रहा है, इसे लेकर देश-दुनिया के तमाम अर्थशास्त्रियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। ट्रंप के टैरिफ ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया तनाव जरूर पैदा किया है, लेकिन भारत के विशेषज्ञों और संस्थानों का मानना है कि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखनी चाहिए।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। इस फैसले से भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव बढ़ गया है। हालांकि भारत के कई विशेषज्ञों और आर्थिक संस्थानों ने इसे चिंताजनक लेकिन नियंत्रण में बताया है।पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने ट्रंप के फैसले को अतार्किक और व्यक्तिगत नाराजगी से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा 'ट्रंप एक बार फिर बिना वजह सजा देने के रास्ते पर चल पड़े हैं। 6 जुलाई को भारत-अमेरिका के बीच वार्ता लगभग पूरी हो चुकी थी, लेकिन खुद ट्रंप ने उसे रोककर अपनी टीम को फिर से बातचीत शुरू करने को कहा।'

# Market Closing Bell



Sensex-Nifty Closing Bell: हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को भारतीय बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 73.35 अंक गिरकर 24,574.20 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं, बाजार का हाल विस्तार से।आरबीआई ने ब्याज दरों को 5.5 प्रतिशत पर तटस्थ रखने का फैसला किया। इस फैसले से दर संवेदनशील क्षेत्रों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को बाजार मामूली गिरावट के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 261.43 अंक या 0.32 प्रतिशत गिरकर 80,448.82 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ।

# गवर्नर ने खारिज किया ट्रंप का 'मृत अर्थव्यवथा का बयान,



आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था के बयान को खारिज करते हुए कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से काफी अधिक है। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है। वैश्विक वृद्धि दर तीन फीसदी रह सकती है।

# कम हो सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ओपेक देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब वह हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। तेल उत्पादन बढ़ाने के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ गठबंधन के सदस्य देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब ओपेक देश हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। ओपेक देशों के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। अभी तक ये देश अपनी मर्जी से कम तेल उत्पादन कर रहे थे। उन्होंने यह कम उत्पादन नवंबर 2023 में शुरू किया था, जिसे सितंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना थी। लेकिन अब यह फैसला किया गया है कि वे स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को तय समय से पहले ही समाप्त कर देंगे।इससे पहले जुलाई में भी ओपेक+ ने फैसला किया था कि अगस्त में वे हर दिन 548,000 बैरल तेल ज्यादा बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाजार की स्थिति ठीक नहीं रही, तो वे फिर से उत्पादन कम कर सकते हैं। जब उत्पादन बढ़ता है, तो आमतौर पर तेल और गैसोलीन की कीमतें गिर सकती हैं। लेकिन शोध फर्म क्लियरव्यू एनर्जी

# रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी पैसों की दिक्कत


## 8 हजार रुपये निवेश करके इतने वर्षों में जुटा सकते हैं 2.26 करोड़



आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं।बीते वर्षों में प्राइवेट सेक्टर का दायरा बढ़ा है। वहीं सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम के खत्म होने के बाद सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी भी अपने रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी को लेकर चिंतित रहते हैं। अगर समय रहते रिटायरमेंट के बाद के जीवन को लेकर फाइनेंशियल प्लानिंग न की जाए, तो 60 की उम्र के बाद व्यक्ति को आर्थिक दिक्कतें परेशान करने लगती हैं। इस कारण आपको नौकरी करने के साथ-साथ किसी अच्छी जगह पर निवेश करना जरूरी है, ताकि आप रिटायरमेंट के बाद अपने लिए अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकें। इसी सिलसिले में आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं। इसमें आपको म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करना है। कई म्यूचुअल फंड स्कीम्स ने बीते वर्षों में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक यहां से आप लॉन्ग टर्म में अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकते है


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT
WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS
INDIA
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs. 60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# इंग्लैंड दौरा समाप्त कर स्वदेश लौटे

## मोहम्मद सिराज, गृह नगर हैदराबाद एयरपोर्ट पर आए नजर




तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को लंदन से मुंबई पहुंचे जहां से उन्होंने हैदराबाद की उड़ान भरी। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 की बराबरी पर छूटी।इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सफल सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ी अब स्वदेश पहुंच रहे हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को लंदन से मुंबई पहुंचे जहां से उन्होंने हैदराबाद की उड़ान भरी। सिराज का प्रदर्शन इंग्लैंड दौरे पर शानदार रहा और उन्होंने कुल 23 विकेट झटके। वह इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे जिसकी मदद से भारत यह सीरीज बराबर करने में सफल रहा था।भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 की बराबरी पर छूटी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल की अगुआई में गई थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बिना भी टीम ने इस दौरे पर दमदार प्रदर्शन किया। सिराज ने विशेष रूप से चमक बिखेरी। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच खेले और कुल 185.3 ओवर तक गेंदबाजी की। उन्होंने इस दौरान 23 विकेट चटकाए जिसमें से नौ विकेट पांचवें टेस्ट मैच में लिए। यह सिराज का किसी टेस्ट द्विपक्षीय सीरीज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सिराज ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे जहां कुछ प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वदेश पहुंचने पर फैंस ने सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफ देने की मांग की, लेकिन सिराज आगे बढ़े क्योंकि उन्हें हैदराबाद के लिए उड़ान भरनी थी। सिराज फिर अपने गृह नगर हैदराबाद एयरपोर्ट पर नजर आए। वहां भी वह फैंस से घिरे दिखे। सिराज ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे जहां कुछ प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वदेश पहुंचने पर फैंस ने सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफ देने की मांग की, लेकिन सिराज आगे बढ़े क्योंकि उन्हें हैदराबाद के लिए उड़ान भरनी थी।

# कोबोली को हराकर शेल्टन क्वार्टर फाइनल में



डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन ने 13वीं वरीयता प्राप्त इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर से होगा जिन्होंने अमेरिका के सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7, 7-6, 3-0 से आगे थे जब थकान के कारण फोकिना ने कोर्ट छोड़ दिया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विम्बलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया । अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी।टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था। जापान की नाओमी ओसाका भी लाटविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6-1, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-4, 6-1 से हराया।

# Durand Cup 2025

## नामधारी एफसी का विजय अभियान जारी, भारतीय वायुसेना को 4-2 से हराया



नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबाल में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए भारतीय वायुसेना को 4-2 से हरा दिया। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबाल में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए भारतीय वायुसेना को 4-2 से हरा दिया। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ागन में पहला गोल वायुसेना की ओर से सैमुअल ने 7वें मिनट में किया। उसके बाद नामधारी के लिए क्लेडसन (पेनाल्टी, 37वां मिनट), अमनदीप (45वां मिनट) औ दूसरे हाफ में धर्मप्रीत (60) और स्थानापन्न सेलिंगथांग (74 वां मिनट) ने नामधारी को 4-1 से आगे कर दिया। वायुसेना के लिए दूसरा गोल संकित ने 78वें मिनट में किया लेकिन यह गोल टीम की वापसी नहीं करा सका।

# IND vs ENG

## टेस्ट में रनों के लिहाज से भारत की सबसे कम अंतर से जीत, पहली बार विदेशी सीरीज में जीता पांचवां मैच

भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 367 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ उसी की जमीन पर टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। भारत ने लंदन के केनिंगटन ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को जीतकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर दी। भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट के




अंतिम दिन छह रनों से हराया। यह भारत की टेस्ट में सबसे कम अंतर से जीत है। भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 367 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने आज तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया। सिराज ने पारी में पांच विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को चार विकेट मिले। आकाश दीप ने एक विकेट लिया। शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। किसी क्रिकेट पंडित ने भारत को इस दौरे से पहले पसंदीदा नहीं बताया था। हालांकि, गिल की युवा टीम ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर समाप्त हुई थी और इंग्लिश टीम ने 23 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए और 373 रन की कुल बढ़त हासिल की और 374 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर समाप्त हुई। जो रूट की 105 रन और हैरी ब्रूक की 111 रन की पारी भी इंग्लैंड को हारने से नहीं बचा सकी